चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प०नि०/II/986 दिनांक : 03.07.2026

विज्ञप्ति

कृपया पत्र सं० परीक्षा/डी0आर0/261 दिनांक 19.06.2026 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक द्वितीय सेमेस्टर छात्रों के कौशल विकास पाठ्यक्रम AI For All की आंतरिक/वाह्य परीक्षाओं का कार्यक्रम निर्गत किया गया था।

समर्थ पोर्टल पर आई तकनीकी समस्याओं के कारण ऐसे छात्र/छात्रा जो अपनी आंतरिक परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाये, के हितों के दृष्टिगत पुनः आंतरिक परीक्षायें आयोजित करायी जायेंगी जिसके सम्बन्ध में अलग से विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।

वाह्य/विश्वविद्यालय परीक्षा दिनांक 07.07.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे से 3:30 बजे आयोजित की जायेगी। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र के साथ पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0कॉम (NEP) द्वितीय सेमेस्टर जून 2026 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही AI For All की वाह्य परीक्षा आयोजित होगी।

विश्वविद्यालय परिसर के छात्र/छात्रा मा0 काशीराम शोध केन्द्र स्थित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

03/7

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक/विभागाध्यक्ष समस्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
5. डा0 सचिन कुमार, नोडल अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी (अति–गोपनीय/परीक्षा परिणाम प्रकोष्ठ) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप–कुलसचिव(परीक्षा)